हरद्वारी लाल गोयल राजकीय महाविद्यालय तावड़ू

आवश्यक सूचना "वार्षिक कालेज पत्रिका"

महाविद्यालय में पढ़ रहे सभी विद्यार्थियों को अति हर्ष के साथ सूचित किया जा रहा है कि बहुत जल्द ही हम अपने प्रिय हरद्वारी लाल गोयल राजकीय महाविद्यालय तावड़ू की **"वार्षिक कालेज पत्रिका"** का **प्रथम अंक** प्रकाशित करवाने जा रहे हैं। यह पत्रिका प्रतिवर्ष प्रकाशित की जाएगी और वर्ष के अंत में सभी विद्यार्थियों को निशुल्क प्रदान की जाएगी। यह "वार्षिक कालेज पत्रिका" हमारे महाविद्यालय में वर्षभर में विभिन्न संकायों व विभागों के अंतर्गत हो रही विभिन्न गतिविधियों का सचित्र ब्यौरा होगा। जो विद्यार्थी किन्ही कारणों से इन गतिविधियों मैं भाग नहीं ले पाए, उनके लिए भाग लेने का एक स्वर्णिम अवसर लेकर आएगी। **इस वार्षिक कालेज पत्रिका में आप अपनी स्वरचित मौलिक रचनाएँ जैसे:- समसामयिक घटनाओं पर लेख, विवेचन, कहानी, कविता, गीत, ग़ज़ल, भजन, हास्य-व्यंग्य लेख/रचना इत्यादि हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत या उर्दू भाषा में लिखकर हमें दे सकते हैं।** जिसे हम इस "वार्षिक कालेज पत्रिका" में छपवा देंगे, बस शर्त होगी कि रचनाएँ **स्वरचित व मौलिक** होनी चाहिए, किसी और जगह से कॉपी की हुई नहीं होनी चाहिए। अतः आप सभी से निवेदन है कि आप सभी अपने- अपने लेख तैयार कर लीजिए। समय आने पर आप सभी से लेख आमंत्रित कर लिए जाएंगे।

वर्तमान में अपनी "वार्षिक कालेज पत्रिका" के नाम का पंजीकरण (रजिस्ट्रेशन) करवाना है. अतः आप सभी अच्छी प्रकार से विचार करके **महाविद्यालय की "वार्षिक कालेज पत्रिका" के एक सुन्दर से नाम का सुझाव दें.** आपके द्वारा सुझाए गए नाम की सार्थकता पर महाविद्यालय विचार करेगा और उस नाम की रजिस्ट्रेशन के लिए उपयुक्तता की जाँच करने के उपरांत उस सबसे उत्तम सुझाव के नाम को पत्रिका के लिए स्वीकृत कर लिया जाएगा। फिर यह आपके द्वारा दिया गया "वार्षिक कालेज पत्रिका" का नाम सदा के लिए सरकार द्वारा पंजीकृत कर दिया जाएगा। सही नाम सुझाने के लिए निम्न निर्देश दिए गए हैं:-

1- **पत्रिका का नाम एक शब्द का हो**
   नाम का कोई सुन्दर सा अर्थ निकलना चाहिए
   नाम अपने क्षेत्र की पहचान देता हो
   यह नाम बिलकुल नया हो और किस भी अन्य पत्रिका से लिया गया नहीं होना चाहिए

सभी विद्यार्थियों से अनुरोध है की इंस मिशन में बढ़-चढ़कर भाग लें. आप अपने सुझाव लिखित रूप में एक सादे कागज पर प्राचार्य महोदया को सम्बोधित करते हुए प्रार्थना पत्र के रूप में अपने नाम कक्षा रोल न. आदि लिखकर **सीधे मेरे पास जमा** करवा सकते हैं, या फिर निचे दिए गए या कक्षा के व्हाट्सप्प ग्रुप पर भेजे गए **गूगल लिंक** पर भी भेज सकते हैं.

Google Link-

2- **आप कवर पेज के डिज़ाइन बनाकर भी दे सकते हैं**

Mukesh Kumar
डॉ मुकेश कुमार
प्रधान संपादक "वार्षिक कालेज पत्रिका"
एसोसिएट प्रोफेसर (भूगोल विभाग)
03-02-2024

Maheshwari
प्राचार्य Principal
H.L.G. Govt. College,
Tauru, Distt. Nuh (HR)